HINDUSTAN TIMES
11 JUNE, 2011

अमेरिकी वन सेवा प्रतिनिधिमंडल दौरे पर

देहरादून। संयुक्त राष्ट्र अमेरिका वन सेवा का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद(भावाअशिप) में महानिदेशक डॉ.वीके बहुगुणा से मिला। इस दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय वानिकी संस्थान में जलवायु परिवर्तन, अकाष्ठ वन उत्पादों के प्रोत्साहन, पारम्परिक कार्यप्रणाली, वैज्ञानिकों की क्षमता वृद्धि, आनुवंशिकी में सीमांत अनुसंधान व आजीविका विषयक मुद्दों पर चर्चा की। एफआरआई के विज्ञानियों ने एक प्रेजेंटेशन भी दिया। संस्थान में परस्पर सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर विचार किया गया।